लीलावती हॉस्पिटल ने मुंबई में अत्याधुनिक कैंसर केयर इंस्टीट्यूट की घोषणा की

Lilavati Hospital announces state-of-the-art Cancer Care Institute in Mumbai

Ravivar Delhi · January 24, 2025 · 3 minutes read

Lilavati Hospital announces state-of-the-art Cancer Care Institute in Mumbai

यूएसए के मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी शुरू की

अनिल बेदाग

मुंबई : लीलावती हॉस्पिटल ने मुंबई में 300 बिस्तरों वाले नए कैंसर केयर इंस्टीट्यूट की स्थापना की घोषणा की है। यह अत्याधुनिक सुविधा भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में क्रांति लाएगी, जिसमें नवीनतम तकनीक, उन्नत उपचार और ऑन्कोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, सार्वजनिक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री प्रकाश आबिटकर, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री आशिष शेलार, परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनाईक, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, मेयो क्लिनिक के इंटरनेशनल और एंटरप्राइज ऑटोमेशन के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री बिजू सामकुट्टी, लीलावती हॉस्पिटल की संस्थापक और स्थायी ट्रस्टी श्रीमती चारू मेहता, और स्थायी ट्रस्टी श्री राजेश मेहता, श्री प्रशांत मेहता व श्री राजीव मेहता जैसी कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

नया कैंसर केयर इंस्टीट्यूट मरीजों की विशेष आवश्यकताओं के आधार पर उपचार प्रदान करेगा, जिससे प्रत्येक मरीज को व्यक्तिगत और प्रभावी देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी।

उच्च गुणवत्ता वाली यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी, जिससे मरीजों को इलाज के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनका समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

इस सुविधा में उत्कृष्ट मरीज देखभाल के साथ-साथ हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, रिसर्चर्स और सपोर्ट स्टाफ के लिए कई रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे। यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ मुंबई में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कैंसर केयर इंस्टीट्यूट में एआई आधारित डायग्नोस्टिक टूल्स पेश किए जाएंगे, जो कैंसर की शुरुआती और सटीक पहचान में मदद करेंगे। इससे मरीजों के इलाज के नतीजे बेहतर होंगे और उनकी जीवन दर में सुधार होगा। इसके साथ ही, लीलावती हॉस्पिटल कैंसर के जोखिम, लक्षण और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अभियान शुरू करेगा, जिससे स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

लीलावती हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में नर्सिंग उत्कृष्टता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य विशेष प्रशिक्षण और विकास के माध्यम से हमारे नर्सिंग स्टाफ के कौशल और ज्ञान को बढ़ाना है। यह साझेदारी नर्सिंग उत्कृष्टता शिक्षा, नर्सिंग गुणवत्ता और मरीज अनुभव, मरीज और स्टाफ सुरक्षा, नर्सिंग गवर्नेंस और नेतृत्व विकास, नए कर्मचारियों के लिए ओरिएंटेशन और विकास, तथा नर्सिंग क्षमता को कवर करती है।
इस साझेदारी के तहत, लीलावती हॉस्पिटल ऑब्झर्वेशन (अवलोकन), रिअल-टाइम बेस्ट प्रॅक्टिस कन्सिडरेशन (वास्तविक समय में सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार), और स्ट्रक्चर्ड सेशन्स (संरचित सत्र) के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करेगा। कार्यक्रम के पूर्ण होने पर, नर्सों को मेयो क्लिनिक से प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, जो मरीजों की देखभाल में उनकी उत्कृष्टता और समर्पण को मान्यता देगा।

लीलावती हॉस्पिटल के परमानेंट ट्रस्टी, श्री राजेश मेहता और श्री प्रशांत मेहता ने कहा, "मुंबई में इस अत्याधुनिक कैंसर केयर इंस्टीट्यूट को लाने और मेयो क्लिनिक के साथ मिलकर हमारे नर्सिंग स्टाफ के कौशल को बढ़ाने के लिए साझेदारी करने पर हमें बेहद खुशी है। यह पहल विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और हमारे मरीजों व समुदाय के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"

दावोस, स्विट्जरलैंड से एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने लीलावती हॉस्पिटल और मेयो क्लिनिक को बधाई देते हुए कहा, "मुझे बेहद खुशी है कि लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मुंबई और मेयो क्लिनिक, यूएसए नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सहयोग कर रहे हैं। यह न केवल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक नई दिशा खोलेगा बल्कि मानव सेवा के पथ पर भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने लीलावती हॉस्पिटल को बधाई देते हुए कहा, "लीलावती हॉस्पिटल ने अमेरिका के विश्वप्रसिद्ध मेयो क्लिनिक के साथ एक ऐतिहासिक सहयोग किया है। मैं लीलावती हॉस्पिटल और मेयो क्लिनिक द्वारा स्थापित कैंसर हॉस्पिटल को केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि 'स्वास्थ्य मंदिर' कहूंगा। हमारे नर्सिंग स्टाफ, जो हमारी प्रिय बहनें हैं, को मेयो क्लिनिक द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि वे अपने कौशल और तकनीक के साथ दुनिया की बेहतरीन नर्सें बनेंगी। नर्सिंग स्टाफ अस्पताल की आत्मा है और स्वास्थ्य सेवा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में पहली बार इस प्रकार का नर्सिंग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

E-Magazine



WhatsApp Facebook Twitter Email LinkedIn Share